# रहवासियों ने शराब दुकान में ताला लगाया

## नरसिंहगढ़ के थावरिया में अस्पताल, प्राचीन मंदिर, आंगनवाड़ी के समीप शराब दुकान संचालित

**शराब दुकान में ताला लगाकर धरने पर बैठे नरसिंहगढ़ में रहवासी क्षेत्र से शराब दुकान हटाने की मांग**




नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 30 मार्च, सं. नरसिंहगढ़ के वार्ड 1 थावरिया में रहवासी क्षेत्र के बीच में स्थित शराब ठेके को यहां से अन्यत्र किए जाने की मांग को लेकर जन आक्रोश बढ़ रहा है. सोमवार को रहवासियों द्वारा शराब दुकान हटाने की मांग करते हुए दुकान में ताला जड़ दिया और वहीं पर धरना शुरु कर दिया.**

नागरिकों का कहना है कि नियमों को ताक पर रखकर यह ठेका रहवासी क्षेत्र में खोल दिया गया. इससे रहवासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

शराब दुकान के समीप ही अस्पताल, प्राचीन मंदिर, आंगनवाड़ी केन्द्र आदि मौजूद है. जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

### एक पखवाड़े के भीतर दुकान हटाने का आश्वासन



रहवासियों के द्वारा इस संबंध में शराब दुकान के ठेकेदार से चर्चा की जिस पर ठेकेदार द्वारा एक पखवाड़े के भीतर यहां से शराब दुकान हटाकर अन्यत्र ले जाने का आश्वासन देना बताया जा रहा है. जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया.

### दुकान के बाहर धरने पर बैठे

सोमवार को यहां के रहवासी शराब दुकान के बाहर धरने पर बैठ गये. लोगों का कहना है कि शराब दुकान की वजह से यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है. जिसके कारण अस्पताल, मंदिर में आने-जाने वालों का तांता लगा रहता है. यहीं मौजूद आंगनवाड़ी केन्द्र पर भी बच्चे आते है. ऐसे में रहवासी क्षेत्र के बीच शराब दुकान होने से रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शराब पीने वाले प्राय: दुकान के आसपास बैठे रहते है. जिससे यहां से आने-जाने वाले अपने को असहज एवं असुरक्षित महसूस करते है. रहवासियों का कहना है कि रहवासी क्षेत्र के समीप शराब दुकान होने से बच्चों पर इसका बुरा असर पड़ रहा है. जब तक शराब दुकान यहां से नहीं हटेगी आंदोलन जारी रहेगा. रहवासियों द्वारा रहवासी क्षेत्र से शराब दुकान हटाने की पुरजोर मांग की गई है.



# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 30 मार्च, सं.** नगर में रविवार को बजे रनारा रोड दूध डेयरी के पास दो मोटर साइकिल की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई. जबकि दूसरा घायल हो गया. मृतक की पहचान पवन पुत्र कंवरलाल कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी छापीहेडा के रूप में हुई. पुलिस से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया कि पवन कुशवाह होटल से घर आ रहा था. सूरज कुशवाहा घर से आ रहा था, इसी बीच रनारा रोड स्थित दूध डेयरी के पास दोनों मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी, कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, मौजूद लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया अस्पताल ड्यूटी चिकित्सा डॉक्टर ने पवन कुशवाह को मृतक घोषित कर दिया. वहीं शव को मर्करी रूम में रखवाया गया जहां आज सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम करवाया गया, इसके बाद शव को परिवारजनों को सौंप दिया गया. घटनास्थल से मोटरसाइकिल जप्त कर थाने ले गए. फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जूटी है.

## एक नजर में

### श्रीमती पुष्पा देवी जुलानिया का निधन



**जीरापुर 30 मार्च, सं.** मेडतवाल समाज की वयोवृद्ध सदस्य श्रीमती पुष्पा बाई जुलानिया का देहावसान हो गया वह 80 वर्ष की थी. रामेश्वर जुलानिया की धर्मपत्नी एवं गिरिराज जुलानिया पार्षद, मंगलेश जुलानिया राकेश जुलानिया शिक्षक की माताजी थी. उनकी शवयात्रा निज निवास बुधवारिया बाजार से स्थानीय मुक्ति धाम ले जाई गई उनकी शवयात्रा में समाज बंधुओं सहित अन्य समाज बंधु, शिक्षक, नगर परिषद कर्मचारी, जनप्रतिनिधि शामिल हुए. मुक्ति धाम पर दिवंगत आत्मा के प्रति समाज सेवी दिनेश जमींदार ने शोक संवेदना प्रकट करते श्री बजरंग नवयुवक समिति हनुमान मंदिर किशनगढ़, गणेश आदर्श रामलीला मण्डल, मेडतवाल समाज एवं स्वयं के परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की. दो मिनिट का मौन धारण किया गया.

### डॉ प्रवीण तोगड़िया का आगमन कल

**नवभारत न्यूज, कुरावर 30 मार्च, सं.** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक डॉक्टर प्रवीण भाई तोगड़िया का कल 1 अप्रैल को कुरावर आगमन होगा. यहां पर एक धर्मसभा को संबोधित करेंगे. जानकारी के अनुसार श्री तोगड़िया कल दोपहर करीब 2 बजे पीलूखेड़ी से जिले की सीमा में प्रवेश करेंगे. यहां से वाहनों के काफिले के साथ वह कुरावर आएंगे. कुरावर में बस स्टैंड स्थित श्री राम जानकी मंदिर के यहां धर्मसभा होगी. धर्मसभा की तैयारियों को व्यापक तैयारियां की जा रही है. सोमवार को पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने धर्मसभा स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा. इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष मुकेश बाबा, जिला अध्यक्ष भरत सिंह मीणा, जिला महामंत्री नंदकिशोर चौधरी, उपाध्यक्ष मनोज कुमार मेवाड़ा, जिला मंत्री दिलीप सिंह मीणा, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश जोशी, नगर प्रमुख कैलाश चंद प्रजापति, राजू विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### आज होगी लहसुन की मंडी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 30 मार्च, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी में वर्तमान में अवकाश चल रहा है किंतु मंगलवार को होने वाली लहसुन की नीलामी आज पूर्व की तरह होगी. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज 31 मार्च को ब्यावरा मंडी में लहसुन की नीलामी चालू रहेगी. मात्र लहसुन की नीलामी ही होगी जबकि अवकाश के चलते अन्य फसल की नीलामी नहीं होगी.

### मण्डियों में अवकाश घोषित किए

**सुठालिया 30 मार्च, सं.** कृषि उपज मंडी समिति की ओर से सूचित किया जाता है कि 31 मार्च एवं 01 अप्रैल को बैंक अवकाश एवं 02 अप्रैल को हनुमान जयंती एवं 03 अप्रैल को साप्ताहिक अवकाश होने से मंडी का नीलामी का कार्य बंद रहेगा. व्यापारीगण द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार अवकाश घोषित किया जाता है. उक्त आशय की जानकारी सचिव कृषि उपज मंडी समिति सुठालिया द्वारा दी गई.

# 44 शिकायतों का समझाइश के साथ निराकरण किया



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 30 मार्च, सं. लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु संकल्प से समाधान अभियान चलाकर लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण करने हेतु श्रीमान के द्वारा निर्देशित किया गया है. सोमवार को थाना सुठालिया( मऊ ) परिसर में विशेष कैम्प लगाकर शिकायतकर्ता/आवेदक एवं अनावेदकगणों को थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनिल राहोरिया के द्वारा सुना गया. जिसमे राजस्व, पारिवारिक एवं घरेलू विवाद संबन्धित शिकायतें जो काफी समय से लंबित थी जिनका निराकरण नही हो पा रहा था.**

आज संकल्प से समाधान अभियान के तहत विशेष शिविर लगाकर दोनों पक्षों को थाने बुलवाया जाकर समझाईस देने दी. कुल 10 शिकायते एवं लोकल आवेदन कुल 34 सहित कुल 44 शिकायतों को शिविर के माध्यम से समाधान किया गया. थाना प्रभारी द्वारा समझाइए देकर आपसी समझौता कराया गया एवं भविष्य में विवाद ना करने के संबंध में भी समझाईस दी गई है.

### आज महावीर स्वामी जन्मकल्याण महा उत्सव

**सारंगपुर 30 मार्च, सं.** जैन श्वेतांबर श्रीसंघ के तत्वाधान में भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याण महोसव आज मंगलवार को मनाएगा. उक्त जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष प्रदीप बरडिया ने बताया कि परम तारक परमात्मा भगवान महावीर के 2624वें जन्मकल्याणक के परम पावन प्रसंग पर परमात्मा की रथयात्रा प.पू कल्प शासन ज्योति श्रीजी मासा आदि ठाणा-5 की पावन निश्रा में निकली जाएगी. श्रीबरडिया ने बताया कि परमात्मा की रथयात्रा प्रात: 10 बजे से श्रीशांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर बड़ी होली सारंगपुर से प्रारंभ होगी. जो विभिन्न मार्गो से निकलेगी. जैन श्वेतांबर श्रीसंघ एवं जैन श्वेतांबर युवा मंडल सारंगपुर ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है.

# शिशु मंदिर में परीक्षा उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह




नवभारत न्यूज

**सुठालिया 30 मार्च, सं. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आज परीक्षा उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ. समारोह में कक्षा नर्सरी से नवी तक की कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए.**

प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले भैया बहन को कार्यक्रम के अतिथि व्यवस्थापक भगीरथ धनगर, संजय पालीवाल, सतीश मिश्रा, संस्था प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान ने शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. नर्सरी में नकुल सेन, केशव लोधी 94त्न प्रथम, परी वर्मा 91, हार्दिक विश्वकर्मा 93, तन्मय लोधी 96, राजकुमारी लोधी 98, अनिकेत लोधी 99, गरिमा सेन 99, नव्या राठौड़ 91, अर्चना सोधिया 94, जाह्नवी अहिरवार 98, ज्योति नामदेव 93, पीयूष मेर प्रथम स्थान पर रहे.




# राहत और बचाव को लेकर प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 30 मार्च, सं.** आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के दिशा-निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम एवं ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव विषयक प्रशिक्षण का आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजगढ़ में किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें दिवस पर भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमता वर्धन से संबंधित विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय, पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, होमगार्ड, एसडीईआरएफ, निजी विद्यालयों, सिविल डिफेंस वालंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए. कार्यशाला के अंतिम दिवस पर समापन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एडीएम प्रताप सिंह चौहान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं कार्यशाला का समापन किया गया. उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला सेनानी डीआर वर्मा होमगार्ड राजगढ़ के मार्गदर्शन में संचालित किया गया.

# कार्यकर्ता प्रशिक्षण में बूथ प्रबंधन और मन की बात



नवभारत न्यूज

**तलेन 30 मार्च, सं.** पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो दिवसीय वर्ग में तलेन एवं बोड़ा मंडल के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर इकलेरा रोड स्तिथ वातरे मैरिज गार्डन में हुआ. प्रथम सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा भाजपा के इतिहास एवं विकास के बारे मे बताया. वहीं द्वितीय सत्र मे जगदीश पंवार पूर्व जिला महामंत्री ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर उदबोधन दिया. कार्यकर्ता संभाल कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि के अलग-अलग सत्र के माध्यम से मुख्य वक्ता के उद्बोधन के साथ प्रशिक्षण सत्र का प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, प्रशिक्षण प्रभारी नगर भाजपा अध्यक्ष कैलाश यादव आदि मौजूद रहे. तृतीय सत्र मे कैलाश सोनी द्वारा वैचारिक आधार पर चर्चा की. शाम को सहभोज हुआ व दीप विसर्जन कर रात्रि विश्राम हुआ. आज 31 मार्च को प्रात: पश्चात सत्र प्रारंभ होगा.

# थाने में लगा समाधान शिविर, मौके पर निपटाए प्रकरण



नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 30 मार्च, सं.** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पुलिस थाना परिसर में शिविर का आयोजन सोमवार सुबह किया गया. छापीहेड़ा थाना अंतर्गत आने वाले गांव के लोगों को शिविर में बुलवाकर लंबित शिकायतों की सुनवाई कर कई पुराने विवादों को मौके पर ही सुलझाने की कोशिश की गई. घरेलू, आर्थिक व राजस्व से जुड़े मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर समझाइश दी गई, जिससे कई मामलों में सहमति बनी. पुलिस का फोकस ऐसे मामलों पर रहा, जो लंबे समय से लंबित थे व जिनमें छोटी बात बड़े विवाद में बदलने की आशंका बनी हुई थी. इस मौके पर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर काशीराम मीणा, सब इंस्पेक्टर जगदीश गोयल एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में कई प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया.

# नाबालिग बालिका का अपहरण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**नवभारत न्यूज, कुरावर 30 मार्च, सं.** अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है. थाना प्रभारी कुरावर निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही की गई. उल्लेखनीय है कि थाना कुरावर क्षेत्र से अपहृत एक नाबालिग बालिका को पुलिस टीम द्वारा महज 48 घंटे के भीतर जिला गुना के थाना मृगबास अंतर्गत लंबाखेड़ा क्षेत्र से सुरक्षित बरामद किया गया, जो पुलिस की त्वरित कार्रवाई एवं सतत प्रयासों का परिणाम है. 26 मार्च को फरियादी द्वारा थाना कुरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है. इस पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 87/2026, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. लगातार दबिश दी गई. तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया तथा सतत प्रयास किए गए. परिणामस्वरूप नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया. पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित उर्फ मनोज मीणा (उम्र 23 वर्ष), निवासी लंबाखेड़ा कुंभराज, जिला गुना को गिरफ्तार किया गया है. बालिका के कथनों के आधार पर प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है.




**न्यायालय विनोद अहिरवार व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र.**

**सूचना पत्र उपस्थिति हेतु**

सक्सेशन कमांक 03/2026

1- अशोकबाई पति कालुसिंह उम्र 35 वर्ष, 2- उमेश चौहान पिता कालूसिंह उम्र 19 वर्ष, 3- उर्मिला चौहान पिता कालूसिंह उम्र 15 वर्ष, 4- उषा चौहान पिता कालूसिंह चौहान उम्र 16, 5- भोलाराम पिता कालूसिंह उम्र 13 वर्ष,

क्रं. 3, 4, 5 नाबालिग पालनकर्ता प्राकात माता क्रं. 1 अशोकबाई पति कालूसिंह सर्व जाति सौंधिया निवासी ग्राम गोघटपुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र. .......

**आवेदकगण विरुद्ध**

**1- सर्वसाधारण आदि**

**1- बनाम सर्वसाधारण .....**

**अनावेदकगण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त शीर्ष का एक प्रकरण आवेदकगण अशोकबाई पति कालूसिंह आदि निवासी गोघटपुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ म.प्र. ने इस न्यायालय में आवेदन पत्र धारा 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी किये जाने की प्रार्थना की है.

आवेदकगण के पति / पिता कालूसिंह पिता मोतीलाल सौंधिया निवासी गोघटपुर तहसील जीरापुर की मृत्यु सड़क दुर्घना में दिनांक 21-9-25 को हो गई है।

आवेदकगण के पति / पिता कालूसिंह पिता मोतीलाल सौंधिया निवासी ग्राम गोघटपुर के नाम से मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा गोघटपुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. में बचत खाता 031310110002639 का होकर उसमे 2,00,000/- दो लाख रूपये एवं खाते में अन्य राशि जमा की गई है.

इस सूचना पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.04.2026 को नियत है.

यदि आपकी ओर से इस नियत दिनांक 25.04.2026 को इस प्रकरण में उपरोक्तानुसार उपसंजित नहीं की दशा में इस प्रकरण में अपना पक्ष नहीं रखे जाने की दशा में सर्वसाधारण के विरूद्ध इस प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ओर प्रकरण की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा. यदि नियत दिनांक 25.04.2026 को किसी कारणवश न्यायालय का अवकाश घोषित होने की दशा में आगामी कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी. आज दिनांक 25-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है.

**विनोद अहिरवार व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जीरापुर जिला राजगढ़ ( म.प्र. )**

**उत्सव** — जिले भर में श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाई महावीर जयंती, आकर्षक विमानों में निकले भगवान

# विमान में सवार होकर निकले अहिंसा प्रवर्तक महावीर स्वामी

**जैन समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान महावीर जयंती, जिनालयों में हुए विशेष पूजा, अनुष्ठान**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 मार्च, का. नगर सहित जिले भर में भगवान महावीर स्वामी की जयंती श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाई गई. नगर में प्रभावी शोभायात्रा निकाली गई. विमान में सवार होकर भगवान महावीर नगर भ्रमण पर निकले.**

भगवान महावीर का जीवन हमें सत्य, करुणा, संयम और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. इसी भाव के साथ महावीर जयंती पर धार्मिक, सामाजिक अयोजन हुए. उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया गया. नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो जगात चौक स्थित जैन मंदिर से प्रारंभ हुई. बैंड बाजे, भजन और जयकारों के बीच शोभायात्रा नगर के प्रमुख स्थानों से होकर वापस मंदिर पहुंची जहां धार्मिक, सामाजिक आयोजन हुए. इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा, बच्चों सहित समाजजन उपस्थित रहे. इसी तरह जिले के अन्य स्थानों पर भी शोभायात्रा निकली एवं धार्मिक, सामाजिक आयोजन हुए.

### तलेन में धूमधाम से निकाली गई भगवान महावीर की शोभा यात्रा

**नवभारत न्यूज, तलेन 30 मार्च, सं.** सोमवार को तलेन में जैन समाज द्वारा भगवान स्वामी महावीर जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई. नगर में महावीर स्वामी शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ निकाली गई. जैन मंदिर से विविधत पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ. शोभायात्रा में लोग महावीर स्वामी के डोले साथ भजन कीर्तन करते हुए निकले. शोभायात्रा निर्धारित मार्गों पर होती हुई पुन: जैन मंदिर पहुंची. जहां महावीर स्वामी के अभिषेक के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ. वहीं मंदिरों दिन के समय धार्मिक आयोजन भी हुए. इस शोभायात्रा में नगर के सभी वरिष्ठजन जनप्रतिनिधि, व महिलाएं शामिल रही.

